Printed Pages – 14+2=16

# AI-1310

## B. B. A. (Part-I)

**Term End Examination, 2020-21**

**(Group-C)**

***Paper : Second***

## FINANCIAL ACCOUNTING

***Time Allowed : Three hours***

***Maximum Marks : 75***

*नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

*Note : Attempt all **five** questions. **One** question from each unit is compulsory. All questions carry equal marks.*

**इकाई-I**

**Unit-I**

1. लेखांकन की द्विप्रविष्टी प्रणाली के अनुसार खातों के वर्गीकरण एवं उनमें लेखांकन के नियम बताइये।





According to Double entry system of accounting state classifications of accounts and rules of accounting in them.

**अथवा**

**Or**

निम्न जानकारियों से मेसर्स बदरीनाथ कपूर एण्ड सन्स का तलपट तैयार कीजिए—

प्रारम्भिक स्कन्ध ₹ 3,460, क्रय वापसी ₹ 125, विक्रय वापसी ₹ 200, अशोध ऋण ₹ 125 क्रय ₹ 5,475, अशोध्य ऋण संचय ₹ 200, विक्रय ₹ 15,450, विज्ञापन ₹ 450, दत्त ब्याज ₹ 118, प्राप्त कमीशन ₹ 375, पूँजी खाता ₹ 12,500, कर व बीमा ₹ 1,250, सामान्य व्यय ₹ 782, वेतन ₹ 3,300, लेनदार ₹ 2,500 फर्नीचर ₹ 640, देनदार ₹ 3,800, मोटर वैन ₹ 6,250, बैंक अधिविकर्ष ₹ 2,850, रोकड़ बाकी ₹ 650, भवन ₹ 750।

From the following informations, prepare Trial Balance of M/s Badrinath Kapoor & Sons :

Opening stock ₹ 3,460, Purchase return ₹ 125, Sales returns ₹ 200, Bad debts ₹ 200, Sales ₹ 15,450, Advertisement ₹ 450, Paid interest ₹ 118, Commission received ₹ 375, Capital A/c ₹ 12,500, Tax & Insurance ₹ 1250, General Expenses ₹ 782, Salary ₹ 3,300, Creditors ₹ 2,500, Furniture ₹ 640, Debtors ₹ 3,800 Motor van ₹ 6,250, Bank Overdraft ₹ 2,850, Cash balance ₹ 650, Buildings ₹ 750.

## इकाई-II
## Unit-II

2. निम्नलिखित जानकारियों से मेसर्स बदनापुर स्टोर्स का चिट्ठा 31.12.2019 को दर्शाइये तथा जहाँ आवश्यक हो पृथक से टीप देवे।

लेनदार ₹ 1,500, 1.10.2019 को उधार मशीन क्रय की ₹ 800, बकाया किराया ₹ 40, बैंक शेष ₹ 200, बकाया वेतन ₹ 48, देनदार ₹ 3,000, देनदारों पर प्रावधान @ 4%, स्टॉक ₹ 1,640, प्रबन्धक का बकाया कमीशन ₹ 332, शुद्ध लाभ ₹ 3,318, विनियोग ₹ 1,600, निजी उपयोग के लिए प्रयुक्त स्कन्ध ₹ 220, अर्जित ब्याज





₹ 24, पूर्वदत्त बीमा प्रीमियम ₹ 20, पूँजी ₹ 5,694; पूर्वदत्त मजदूरी ₹ 32, फर्नीचर पर 10% ह्रास लगता है। मशीन पर ₹ 440 ह्रास लगाया, मशीन खाते का प्रारम्भिक शेष ₹ 4,000, फर्नीचर ₹ 840।

From the following particulars prepare Balance Sheet on 31.12.2019 of M/s Badnapur Stores. Give foot notes wherever it necessary :

Creditors ₹ 1,500, Purchase of machinery on credit on 1.10.2019 ₹ 800, Out standing rent ₹ 40, Bank Balance ₹ 200, Outstanding salary ₹ 48, Debtors ₹ 3,000, Provision on debtor @ 4%, stock ₹ 1,640, Outstanding commission of manager ₹ 332, Net profit ₹ 3,318, Investment ₹ 1,600, Stock consumed for personal use ₹ 220, Accured interest ₹ 24, Pre paid insurance premium ₹ 20, Capital ₹ 5,694, Pre paid wages ₹ 32, Depreciate furniture by 10%, Depreciation on machinery ₹ 440, Opening balance of machinery account ₹ 4,000, furniture ₹ 840.

अथवा

Or

मेसर्स बहादुर एण्ड सन्स की पुस्तकों में निम्नलिखित त्रुटियाँ 31.12.2019 को ज्ञात हुई।

तलपट के अन्तर को उच्चंत खाते में स्थानान्तरित किया गया तथा त्रुटियों के ज्ञात होने पर संशोधन प्राविष्टियों के माध्यम से उच्चंत खाते को समाप्त किया गया—

(i) दैनिक क्रय पुस्तक का योग ₹ 100 से कम लिखा गया।

(ii) रोकड़ पुस्तक के (Dr) विकलन तरफ के कटौती खाने को प्राप्त कटौती खाते के समाकलन (Cr) की ओर लिखा गया ₹ 20।

(iii) ₹ 76 की मोटर मरम्मत को मोटर खाते में लिखा गया।

(iv) मदन से प्राप्त एक धनादेश ₹ 39 को रोकड़ खाते में विकलित किया गया किन्तु द्विप्रविष्टि पूरी नहीं की गई।

(v) क्रय वापसी खाते को ₹ 50 अधिक लिखा गया।

आप त्रुटि संशोधन हेतु उचित पंजी प्रविष्टियाँ दीजिए।





The following errors were discovered in the books of Bahadur & Sons on 31.12.2019. The difference in the Trial Balance had been entered in a suspense account and on correction of the eroors the suspense account was eliminated.

(i) The total purchases day book had been under casted by ₹ 100.

(ii) The discount column of the debit side of the cash book had been posted to the credit of discount received account ₹ 20.

(iii) ₹ 76 for repairs of motor van had been taken to motor van account.

(iv) A cheque received from Madan ₹ 39 had been debited in the cash book, but the double entry had not been completed.

(v) The returns outward book had been over cast by ₹ 50.

Give proper journal entries for error correction.

## इकाई-III

## Unit-III

3. (a) यदि व्यापार की लेखा पुस्तकों में अवक्षयण के प्रावधान नहीं किये जावें तो इसके क्या प्रभाव होंगे ? 5

What will be the impact if the depreciation provisions are not provided is the books of business?

(b) (i) पीटर लिमिटेड ने 2010 से 2016 तक स्थिर आधार पर 10% की दर से ह्रास का आयोजन की नीति बनाई थी। 10

Peeter Limited had the policy to provide depreciation provisions @ 10% on straight line method from 2010 to 2016 and

(ii) तथा 2017 के आगे वर्षों के खातों के लिए 15% वार्षिक की दर से क्रमागत शेष ह्रास विधि से ह्रास का आयोजन किया जाता है।

In 2017 onward years depreciation was provided @ 15% per annum under diminishing balance method.

(iii) कम्पनी ने निम्न सम्पत्तियाँ क्रय की





| | |
|---|---|
| 1.1.15 | प्लान्ट 1 ₹ 3,50,000 |
| 1.7.17 | प्लान्ट 2 ₹ 4,40,000 |

Company had purchased the following assets :

| | |
|---|---|
| 1.1.15 | Plant No. 1 for 3,50,000 |
| 1.7.17 | Plant No. 2 for 4,40,000 |

(iv) 1.9.2019 को प्लान्ट नं 1 को 80,000 में बेच दिया।

पीटर कम्पनी की पुस्तकों में 2016 से दिसम्बर 2019 तक पंजी प्रविष्टियाँ (जर्नल) दर्शाइये। गणनाएँ निकटतम रुपये में की जावे।

On 1.9.2019 the plant No 1 was sold for ₹ 80,000.

Give general entries related to depreciation provisions in the books of Peeter Co. Ltd. from 2016 to 2019 Dec. Calculate figures to nearest of rupee.

**अथवा**

**Or**

शाखा से क्या आशय है? इसके प्रकार बताइये तथा मुख्यालय की पुस्तकों में शाखा खाते को किस तरह बन्द करते हैं जब कि दोनों ही स्टॉक देनदार पद्धति को अपनाते हैं। 2+3+10

What do you mean by branch? What are its types? How do you close the branch account in head office when both maintain stock-debtor system?

## इकाई–IV
## Unit-IV

4. साझेदारी संलेख क्या है? एक साझेदारी संलेख में मुख्यत: किन–किन बातों का समावेश होता है? यदि संलेख ना हो तो साझेदारी फर्म कैसे कार्य करती हैं? बताइये।

What is partnership deed? Which factors are included in the partnership deed mainly? If there is no partnership deed then how partnership works? Explain.

**अथवा**

**Or**





अ, ब, एवं स फर्म के साझेदार हैं जो क्रमश 2 : 2 : 1 में लाभ एवं हानि का विभाजन करते हैं। 31.3.2018 को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था—

चिट्ठा 31.3.2018

| दायित्व | | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाता | | | विविध सम्पत्तियाँ | 55,000 |
| A | 30,000 | | बैंक | 15,000 |
| B | 20,000 | | | |
| C | 10,000 | 60,000 | | |
| लेनदार | | 10,000 | | |
| | | 70,000 | | 70,000 |

इस तिथि को 'स' ने अवकाश ग्रहण करने का निर्णय लिया। फर्म की ख्याति ₹ 15,000 मानने की सहमति हुई। विविध सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 25,000 से बढ़ा हुआ माना गया 'स' के अवकाश ग्रहण की तिथि पर 'द' को नये साझेदार के रूप प्रवेश मिला। उसने ख्याति का कोई भुगतान नहीं किया किन्तु ₹ 15,000 पूँजी के रूप में लाया। लाभ हानि का नया विभाजन 4 : 3 : 3 तय

हुआ। पूँजी खातें दर्शाइये तथा दो चिट्ठे क्रमश 'स' के अवकाश ग्रहण के बाद तथा 'द' के प्रवेश के बाद दर्शाइये। यह मान लिया जावे कि ख्याति खाते को समाप्त कर दिया जावे तथा सम्पत्तियों को उनके पुराने मूल्य पर माना जावे।

A, B and C are in partnership sharing profits and losses in the ratio 2 : 2 : 1. On 31.3.2018 the firms balance sheet stands as :

Balance Sheet as on 31.3.2018

| Liabilities | | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capital A/c | | | Sundry Assets | 55,000 |
| A | 30,000 | | Bank | 15,000 |
| B | 20,000 | | | |
| C | 10,000 | 60,000 | | |
| Creditors | | 10,000 | | |
| | | 70,000 | | 70,000 |

On that date 'C' decides to retire. The value of goodwill is agreed to be ₹ 15,000 and sundry assets are taken to have increased in value by ₹ 25,000.





On C's retirement, D is admitted as a partner. He pays no premium for goodwill but brings in ₹ 15,000 as capital. Profits and looses are to shared in the ratio 4 : 3 : 3.

Show capital accounts and draw up two balance sheet (one after C's retirement and the other after D's admission). Assume that the goodwill account is to be wiped off from the books and restore the sundry assets as its original value.

## इकाई–V

## Unit-V

5. कम्पनी को परिभाषित कीजिए। इसके प्रकार बताइये तथा एक कम्पनी द्वारा अपने ऋण पत्रों का निर्गमन किस किस तरह से किया जा सकता है, समझाइये।

Define the term Company. What are types of companies? And explain in how many way a company can issue its debentures?

**अथवा**

**Or**

एक कम्पनी ने ₹ 200 वाले 50,000 अंश जनता को 20% प्रीमियम पर निर्गमित किये। आवेदन पर 20% मूल्य, आबंटन पर 40% मूल्य + प्रीमियम की राशि तथा शेष राशि प्रथम एवं अन्तिम याचना पर माँगी गयी।

80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। कम्पनी ने उन्हें अनुपात में 50,000 अंश निर्गमित किये।

(i) 5,000 अंशों के स्वामी 'ब' आबंटन व याचना का भुगतान करने में असफल रहा।

(ii) 6,000 अंशों के स्वामी 'स' ने प्रथम और अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया।

सभी 11,000 अंशों का हरण किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टिया (जर्नल) दर्शाइये।

A company issued ₹ 200 face price 50,000 shares at a premium of 20%. 20% amount of par value on application and 40% plus premium amount on allotment and remaining was received on first and final call.

Applications were received for 80,000 shares.





Company alloted share on prorata bases to 50,000 applicants :

(i) Mr. 'B' owner of 5000 shares failed to pay allotment and call amount.

(ii) Mr. 'C' owner of 6000 shares failed to pay first and find call.

All 11000 shares were forefeited. Give journal entries in the books of company.